| |
|---|
| दिनांक 01.04.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 01/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद गोण्डा/थाना कौड़िया

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांकः 31.03.2025 को थाना कौड़िया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भेड़वा घाट पुल के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कप्तान उर्फ भूपेन्द्र घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये । घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कौड़िया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद गोण्डा के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कौड़िया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कप्तान उर्फ भूपेन्द्र निवासी ग्राम सेहरिया थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल ।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद सम्भल/थाना असमोली**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.04.2025 को थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनोटा चौधारपुर तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त दिलीप उर्फ दिनेश उर्फ हरीश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुरादाबाद, बरेली, सम्भल, अलीगढ़, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, उत्तराखण्ड व राजस्थान, हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 38 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद सम्भल से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना असमोली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दिलीप उर्फ दिनेश उर्फ हरीश निवासी ग्राम वीघर थाना सदर जनपद फतेहाबाद हरियाणा, हालपता निर्मल दरवार मारूति कुन्ज भोडसी गुरूग्राम हरियाणा।

**जनपद कन्नौज/थाना छिबरामऊ**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **80 हजार नगद**
- **चोरी करने के उपकरण आदि बरामद**

दिनॉकः 01.04.2025 को थाना छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सलेमपुर के पास से 03 अभियुक्तों 1–आफताब 2–आर्यन 3–हिमांशू को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया तथा 01 बालअपचारी को पुलिस संरक्षण

में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 80 हजार नगद, चोरी करने के उपकरण आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना छिबरामऊ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आफताब निवासी नई बस्ती जेर किला थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

2–आर्यन निवासी तिवारीयान कस्बा व थाना छिबरामऊ, कन्नौज हालपता–दायमगंज जनपद छिबरामऊ जनपद मऊ।

3–हिमांशू निवासी नबाव दिलावरगंज थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रूखाबाद।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–80 हजार नगद।

3–चोरी करने के उपकरण आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–24

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **छिनैती की 05 मोबाइल फोन**
- **8500/–रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉक: 31.03.2025 की रात्रि थाना सेक्टर–24 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर–11 मदर डेरी के पास बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश

ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सोनू उर्फ सोहन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से छिनैती की 05 मोबाइल फोन, 8500/-रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, दिल्ली प्रान्त के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1-सोनू उर्फ सोहन निवासी त्रिलोकपुरी थाना कल्याणपुरी, दिल्ली।

**बरामदगी**

1-छिनैती की 05 मोबाइल फोन।

2-8500/-रूपये नगद।

3-चोरी की 01 मोटर साइकिल।

4-01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना निगोही

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनाँक: 01.04.2025 को थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कठिना नदी के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ

कार्यवाही में अभियुक्त 1—नसीम उर्फ चिरागी 2—सलमान घायल हो गये, जिन्हें 3—अफजाल सहित गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सलमान के विरूद्ध जनपद शाहजहॉपुर के विभिन्न थानों पर सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना निगोही पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नसीम उर्फ चिरागी निवासी ग्राम तालगॉव थाना निगोही जनपद शाहजहॉपुर।

2—सलमान निवासी ग्राम तालगॉव थाना निगोही जनपद शाहजहॉपुर।

3—अफजाल निवासी ग्राम तालगॉव थाना निगोही जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 15 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.04.2025 को थाना पिलखुवा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिखेड़ा रोड़ बम्बे पुलिया के पास से 03 अभियुक्तों 1—कृष्णा 2—अमन उर्फ राहुल 3—निखिल उर्फ साहिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 15 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कृष्णा निवासी न्यू आलोक कॉलोनी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

2—अमन उर्फ राहुल निवासी गांधी विहार कॉलोनी थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।

2—निखिल उर्फ साहिल निवासी गांधी विहार कॉलोनी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1—चोरी की 15 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद मऊ/थाना दक्षिण टोला

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 60 लाख रूपये कीमत के 774 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 01.04.2025 को थाना दक्षिण टोला व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मतलूपुर मोड़ फ्लाई ओवर के पास से अभियुक्त मनोज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 60 लाख रूपये कीमत के 774 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुआ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मऊ, चन्दौली, बिहार, हरियाणा प्रान्त के थानों पर आबकारी एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिणी टोला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मनोज निवासी विराजपुर गली नं0–10 थाना 29 सेक्टर जनपद पानीपत, हरियाणा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 60 लाख रूपये कीमत के 774 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–घटना में प्रयुक्त ट्रक।

| दिनांक 01.04.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 02/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पिंक बूथों, पुलिस चौकी, वीडियों–वॉल एवं बहुउद्देश्यीय भवन का किया गया लोकार्पण

**श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 01.04.2025 को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु 1–नवाचार एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना 2–महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक बूथों का लोकार्पण 3–अपराध नियन्त्रण में वीडियों–वॉल का अहम कदम 4–आधुनिक भवनो का लोकार्पण रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ करते हुए पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा अपने प्रस्तुतिकरण में नोएडा के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें तकनीकी नवाचार, अपराधों पर नियन्त्रण, गैंगेस्टर माफिया के विरूद्ध की गई कार्यवाही का उल्लेख किया गया।

इसके पश्चात मा0 सांसद, गौतमबुद्धनगर, मा0 विधायक दादरी और जेवर द्वारा अपने उद्बोधन में पुलिस में हो रहे नवाचार और सुरक्षा के क्षेत्र में उठाए जा रहे प्रभावी कदमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आधुनिक तकनीक और स्मार्ट पुलिसिंग से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण व नवाचार की दिशा में लोक सहयोग से नवनिर्मित पिंक बूथों, पुलिस चौकी, वीडियों–वॉल एवं बहुउददेशीय भवन का लोकार्पण किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में महिलाओं की सुरक्षा हेतु समर्पित लोक सहयोग से **नवनिर्मित 11 पिंक बूथों** का लोकार्पण किया गया जिसके संबंध में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा बताया गया कि नोएडा एक हाईटेक सिटी है, जहां महिलाएं देर रात तक कार्यरत रहती हैं। ऐसे में पिंक बूथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महिलाएं बिना संकोच पिंक बूथ पर जाकर शिकायत दर्ज करा सकती हैं और तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अपराधों पर त्वरित नियंत्रण व संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी व समन्वित पुलिस कार्रवाई, डेटा व सूचना का तत्काल प्रसार व स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यामाहा ग्रुप के सहयोग से 26 थानों में **वीडियो वॉल** व्यवस्था **नवनिर्मित अत्याधुनिक भवन** का लोकार्पण किया गया।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा संबोधन** में कहा गया किः– यह अवसर महज पुलिस infrastructure के लोकार्पण का नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में बदलते सुरक्षा दृष्टिकोण और कम्यूनिटी पुलिसिंग के नये युग की झलक है। हम सब गौरवान्वित हैं कि मा0 प्रधानमंत्री के परिकल्पित स्मार्ट पुलिस (Strict & Sensitive, Modern & Mobile, Alert & Accountable, Reliable & Responsive) के विज़न को मा0 मुख्यमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस साकार करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और गतिशील राज्य में कमिश्नरेट प्रणाली की स्थापना लंबे समय से लंबित थी, लेकिन यह सुधार स्वतंत्रता के बाद पहली बार मा0 मुख्यमंत्री जी की राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दूरदृष्टि और साहसिक निर्णय क्षमता के कारण ही संभव हो पाया। आज लखनऊ, नोएडा, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज, कानपुर जैसे नगरों में लागू कमिश्नरेट प्रणाली ने उत्तर प्रदेश में सक्रिय, उत्तरदायी और पारदर्शी पुलिसिंग के नए मानक स्थापित किए हैं। इससे अपराध नियंत्रण में सफलता के साथ ही जनता का पुलिस पर विश्वास सशक्त हुआ है। इस परिवर्तन में गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने अग्रणी भूमिका निभाई है व पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह जी को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूँ, जिन्होंने नोएडा पुलिस को न केवल उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि महिला सशक्तिकरण के नए प्रतिमान भी स्थापित किए। उनकी उत्तर प्रदेश की पहली महिला पुलिस कमिश्नर के रूप में नियुक्ति मिशन शक्ति अभियान की मूल भावना को साकार करती है। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के प्रारंभिक वाहक के रूप में महिला सशक्तिकरण को राज्य की सुरक्षा नीति का अभिन्न हिस्सा बनाया।

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने पिछले कुछ वर्षों में कई मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित की हैं, चाहे वह गैंगस्टर एवं माफिया नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई हो, साइबर अपराध के विरुद्ध विशेष अभियान, ड्रग्स और अवैध शराब के खिलाफ निर्णायक कदम, अवैध कॉल सेंटरों का पर्दाफाश, या फिर वैश्विक आयोजनों की उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था। इसके साथ–साथ महिला सुरक्षा हेतु पिंक बूथ्स की स्थापना, थानों में वीडियो वॉल्स की शुरुआत, त्वरित रिस्पॉन्स के लिए मॉडर्न वाहनों का समावेश, और जेवर एयरपोर्ट जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भागीदारी ने नोएडा पुलिस को पूरे राज्य में एक मॉडल फोर्स के रूप में स्थापित किया है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा पुलिस बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में दिये गये सहयोग के लिए याकोहामा समूह का हृदय से धन्यवाद देते हुए अन्य कॉर्पोरेट समूहों, औद्योगिक संस्थानों और स्टार्टअप्स से भी आह्वान किया कि वे आगे आएँ और पुलिसिंग को सहयोग देकर राज्य की सुरक्षा एवं सुशासन में भागीदार बनें। साथ ही यह भी कहा गया कि पुलिस अब सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और उद्योग दोनों की साझा जिम्मेदारी बन चुकी है। अंत में गौतमबुद्ध नगर पुलिस के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशेष रूप से पुलिस कमिश्नर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के

लिए हार्दिक बधाई दी गयी तथा कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस आज एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है– जहाँ संवेदनशीलता के साथ सख्ती है, तकनीक के साथ मानवीय दृष्टिकोण है, और परंपरा के साथ नवाचार है एवं कहा कि हम सभी को मिलकर एक ऐसा उत्तर प्रदेश बनाना है जो सुरक्षित हो, सशक्त हो और समाज के हर वर्ग को सुरक्षा का भरोसा दे।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा कार्यक्रम के दौरान नन्हें परिंदे संस्था से आए बच्चों से आत्मीय भेंट की गई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें उपहार भी प्रदान किए गए, पुलिस महानिदेशक ने समाज में ऐसे संस्थानों की भूमिका की सराहना की और समाज के सभी वर्गों को जरूरतमंद बच्चों के कल्याण में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, मा0 सांसद, गौतमबुद्धनगर, मा0 विधायक दादरी और जेवर, सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, यामाहा मोटर ग्रुप के कॉर्पोरेट निदेशक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कार्मिको की सराहना करते हुए उन्हे पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, यामाहा मोटर ग्रुप के कॉर्पोरेट निदेशक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।








PRESENTED BY
POLICE COMMISSIONERATE
GAUTAM BUDDH NAGAR




सदस्य
IPS

